दिन– शनिवार | दिनांक– 12 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – रोजगार मेला, विकसित भारत के निर्माण के लिए युवाओं को सशक्त बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

02. बिहार में पटना, समस्तीपुर, गयाजी और हाजीपुर में रोजगार मेले का हुआ आयोजन। नवनियुक्त कर्मियों को सौंपे गए नियुक्ति पत्र।

03. राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिनोद सिंह गुंजियाल ने नगर क्षेत्र के सभी मतदाताओं से विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की।

04. और, बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन के घटक दलों की पटना में हुई बैठक। सीट बंटवारे पर मुख्य रूप से की गई चर्चा।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि रोज़गार मेला युवाओं को सशक्त बनाने और विकसित भारत के निर्माण में उनका सक्रिय सहयोग लेने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों में इक्यावन हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद रोज़गार मेले को संबोधित कर रहे थे।

–––बाइट–––

आज दुनिया मान रही है कि भारत के पास दो असीमित शक्तियां हैं। एक डेमोग्राफी दूसरी डेमोक्रेसी युवाओं को युवाओं का यह सामर्थ हमारे भारत के उज्जवल भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी भी है और सबसे बड़ी गारंटी भी है और हमारी सरकार इसी पूंजी को समृद्धि का सूत्र बनाने में दिन रात जुटी है।

श्री मोदी ने कहा कि सरकारी विभागों में नवनियुक्त युवा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

–––बाइट–––

रोजगार मेलों के माध्यम से अब तक लाखों नौजवानों को भारत सरकार में परमानेंट जॉब मिल चुकी है। आज भी आप में से कई ने भारतीय रेल में अपने दायित्वों की शुरुआत की है कई साथी अब देश की सुरक्षा के भी प्रहरी बनेंगे, कुछ साथी हेल्प फॉर ऑल मिशन के सिपाही होंगे और बहुत से साथी भारत के औद्योगिक विकास को नई रफ्तार देंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्टार्टअप देश के युवाओं की क्षमता को बढ़ा रहा है।

–––बाइट–––

स्टार्टअप्स, इन्नोवेशंस और रिसर्च का जो इकोसिस्टम आज देश में बन रहा है वह देश के युवाओं का सामर्थ बढ़ा रहा है आज जब मैं नौजवानों को देखता हूं वह अपना स्टार्टअप शुरू करना चाहते हैं मेरा भी आत्मविश्वास बढ़ जाता है मुझे खुशी होती है कि मेरे देश का नौजवान बड़े विजन के साथ तेज गति से मकमता के साथ आगे बढ़ रहा है।

श्री मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की हाल में जारी रिपोर्ट का भी ज़िक्र किया।

———बाइट———

आईएलओ की एक बहुत बढ़िया रिपोर्ट आई इस रिपोर्ट में कहा गया है कि बीते दशक में भारत के 90 करोड़ से अधिक नागरिकों को वेलफेयर स्कीम के दायरे में लाया गया है और इन स्कीम्स का फायदा सिर्फ वेलफेयर तक सीमित नहीं है, इससे बहुत बड़ी संख्या में नए रोजगार भी बने हैं।

सोलहवां रोज़गार मेला देश भर में सैंतालीस स्थानों पर आयोजित किया गया।

———————————————————

पटना में आयोजित रोजगार मेले में केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने एक सौ नौ चयनित अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया। इधर, समस्तीपुर में आयोजित रोजगार मेले में केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर ने इकहत्तर अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को नौकरी और रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

———बाइट———

इधर, गयाजी में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी और राज्य सरकार के मंत्री प्रेम कुमार तथा हाजीपुर में विधायक अवधेश सिंह और संजय सिंह ने नवनियुक्त कर्मियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया। रोजगार मेले में नवनियुक्त कर्मचारियों ने नियुक्ति पत्र मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

———वॉक्सपॉप———

रोज़गार मेलों के माध्यम से अब तक दस लाख से अधिक नियुक्ति पत्र जारी किए जा चुके हैं।

———————————————————

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिनोद सिंह गुंजियाल ने नगर क्षेत्र के सभी मतदाताओं से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की है। श्री गुंजियाल ने कहा कि इस अभियान में ग्रामीण क्षेत्र के

मतदाता जहां उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं, वहीं शहरी क्षेत्र के मतदाताओं की अपेक्षाकृत भागीदारी कम है। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में अभी तक मात्र साठ से पैंसठ प्रतिशत गणना फार्म ही प्राप्त हुए हैं। इधर, पुनरीक्षण अभियान के तहत अबतक छह करोड़ बत्तीस लाख से अधिक मतदाताओं के गणना फॉर्म एकत्र किए जा चुके हैं। यह संख्या कुल मतदाताओं का अस्सी दशमलव एक–एक प्रतिशत है। पांच में से चार मतदाताओं ने अपने प्रपत्र जमा कर दिये हैं। गणना फार्म जमा करने में अभी तेरह दिन शेष हैं। इस बीच, आयोग ने कहा है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दूसरे चरण में बीस जुलाई से बूथ लेवल अधिकारी एक बार फिर घर–घर जाकर मतदाताओं से गणना फॉर्म एकत्र करेंगे। इधर, गणना प्रपत्र जमा करने के लिए आज सभी मतदान केन्द्रों पर विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कल भी यह शिविर जारी रहेगा।

———————————————

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया, अठावले के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने बिहार में जारी मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान का समर्थन किया है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने अभियान का विरोध करने पर कांग्रेस और राजद समेत महागठबंधन के घटक दलों की आलोचना की।

———————————————

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन के घटक दलों की बैठक आज पटना में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के आवास पर हुई। बैठक के बाद श्री यादव ने कहा कि आज घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर मुख्य रूप से चर्चा की गयी।

———बाइट———

विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा कि आज समन्वय समिति के साथ–साथ सभी उप समितियों की भी बैठक हुई। उन्होंने कहा कि बैठक में चुनाव को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई।

———बाइट———

बैठक में राजद से तेजस्वी प्रसाद यादव, अब्दुल बारी सिद्दीकी, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरू, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी और वाम दलों के नेता शामिल थे।

---

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अठारह जुलाई को अपने मोतिहारी दौरे के क्रम में बिहार को कई विकास योजनाओं की सौगात देंगे। श्री राय आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे।

———बाइट———

---

राज्य में मानसून पूरी तरह कमजोर पड़ गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान मौसम पूरी तरह शुष्क बना रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि राज्य के पश्चिमी और दक्षिण—मध्य भागों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की बारिश की संभावना है। वहीं, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, गयाजी और नवादा जिले में तेज हवा चलने की संभावना है।

———बाइट——— .

---

पटना के रानीतालाब थाना क्षेत्र के सरैया गांव के पास एक कार अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

---

मधुबनी जिले के मधवापुर थाना क्षेत्र के पिरोखर मीना बाजार के पास डायल—एक सौ बारह वाहन की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक ने इस मामले में सहायक अवर निरीक्षक चंद्र मोहन सिंह और वाहन चालक चंद्रदीप शास्त्री को निलंबित कर दिया है। इन दोनों पर प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई है।

---

बक्सर जिले में नवनियुक्त होमगार्ड जवानों को मेडिकल फिट घोषित करने के नाम पर रिश्वत लेने के आरोप में चार पुलिस कर्मियों को गिरफ्तार किया गया है।

---

किशनगंज के पुलिस अधीक्षक सागर कुमार ने विशनपुर थाना में पदस्थापित दारोगा अरविंद कुमार को बालू माफिया के साथ सांठ–गांठ रखने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

———————————————

पटना स्थित जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को ई–मेल पर बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी को देखते हुए एयरपोर्ट परिसर में सघन जांच अभियान चलाया गया। कहीं से कोई विस्फोटक पदार्थ बरामद नहीं हुआ है। इस महीने में दूसरी बार एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है।

———————————————

सुपौल जिले के पच्चीस हजार रूपये के ईनामी अपराधी राजा यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उस पर जिले के कई थानों में मामले दर्ज हैं।

———————————————

अररिया जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस और एसएसबी की टीम ने भारी मात्रा में शराब के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————

बेगूसराय में आज से जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता की शुरूआत हुई। प्रतियोगिता का उद्‌घाटन बरौनी रिफाईनरी के कार्यपालक निदेशक सत्यप्रकाश ने किया।

———————————————

गोपालगंज जिले के भोरे प्रखंड के बड़हरा में हरदी खाड़ नदी पर प्रस्तावित पुल का काम शुरू हो गया है। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने इस पुल का शिलान्यास किया।

———————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – रोजगार मेला, विकसित भारत के निर्माण के लिए युवाओं को सशक्त बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

02. बिहार में पटना, समस्तीपुर, गयाजी और हाजीपुर में रोजगार मेले का हुआ आयोजन। नवनियुक्त कर्मियों को सौंपे गए नियुक्ति पत्र।

03. राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिनोद सिंह गुंजियाल ने नगर क्षेत्र के सभी मतदाताओं से विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की।

04. और, बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन के घटक दलों की पटना में हुई बैठक। सीट बंटवारे पर मुख्य रूप से की गई चर्चा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।